**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वन मण्डल टीकमगढ़ (म.प्र.)**
**पता : ढोंगा स्टेडियम के पीछे, बार्ड नं. 15 के समीप ईको सेन्टर टीकमगढ़ म.प्र. 472001**
**ई–मेल : dfotkmgar@mp.gov.in फोन नं. : 07683-245315 फेक्स नं. : 245315**

क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 454 टीकमगढ़, दिनांक – 31 / 01 / 2022

**प्रति,**

महाप्रबंधक
मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना
क्रियान्वयन ईकाई निवाड़ी
पता : आजाद गंज जिला निवाड़ी (म.प्र.)

**विषय :–** **निवाड़ी–पृथ्वीपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में पाईप लाईन बिछाने हेतु 2.022 हेक्टेयर वनभूमि मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित निवाड़ी को उपयोग पर देने बावत्। ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक– FP/MP/WATER/144241/2021**

**संदर्भ :–** **(1) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ–5 / 2022 / 10–11 / भोपाल दिनांक 05.01.2022**
**(2) इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 65 दिनांक 05.01.2022**
**(3) आपका पत्र क्रमांक / 70 / म.प्र.जल.नि.मर्या. / पी.आई.यू. / 2022 दिनांक 19.01.2022**

विषयान्तर्गत प्रकरण में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल द्वारा संदर्भित पत्र क्रमांक–1 के माध्यम से प्रकरण में भूमिगत जल पाईप लाईन डाले जाने की शशर्त स्वीकृति प्रदान की गई थी। संदभित पत्र क्रमांक–2 के माध्यम से इस कार्यालय द्वारा प्रथम चरण की शर्तवार सैधांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। उपरोक्त के संबंध में आपके द्वारा संदर्भित पत्र क्रमांक–3 के माध्यम से शर्तवार पालन करने संबंधी वचन–पत्र एवं शर्त क्रमांक–4 के पालन में नेट प्रजेन्ट बैल्यु (एन.पी.व्ही.) की राशि **24,84,209 (चोबीस लाख चौरासी हजार दो सौ नौ रूपये) एवं शर्त क्रमांक–10 के पालन में 55,64,463 (पचपन लाख चौसठ हजार चार सौ तिरेसठ रूपये)** एकत्र **रूपये 80,48,672** रूपये जमा होने की पुष्टि होने उपरान्त अंतिम चरण की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की जाती है। संदर्भित पत्र क्रमांक–2 में उल्लेखित सभी शर्तो में से किसी भी शर्त का उल्लंघन पाये पर यह स्वीकृति निरस्त मानी जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**(महेन्द्र प्रताप सिंह)**
भा.व.से.
वनमण्डलाधिकारी
वन मण्डल, टीकमगढ़ (म.प्र.)

पृ. क्रमांक / मा.चि / 2021 / 455 टीकमगढ़,दिनांक – 31/01/22

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म0प्र0 भोपाल की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर की सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. उपवनमण्डलाधिकारी निवाड़ी की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनपरिक्षेत्राधिकारी निवाड़ी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। संदर्भित पत्र में उल्लेखित शर्तो का उल्लंघन करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावे। संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार।

वनमण्डलाधिकारी
वन मण्डल, टीकमगढ़ (म.प्र.)